पत्र सूचना शाखा
(राजभवन सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल एरा विश्वविद्यालय के लिए असेसर्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई

नैक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विधि स्थापना का एक माध्यम है

चिकित्सा विद्यार्थियों को गाँवों में कार्य के लिए प्रेरित किया जाये

लखनऊः 23 सितम्बर, 2022

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ लखनऊ में एरा विश्व विद्यालय के तत्वाधान में आयोजित नैक के दो दिवसीय असेसर्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभागिता की। समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नैक वास्तव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की विधि को स्थापित करने की दिशा निर्धारित करता है। शिक्षा तंत्र को गुणवत्तापरक बनाने के लिए नैक मूल्यांकन आवश्यक है।

राज्यपाल जी ने प्रदेश में उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा में गुणवत्तावृद्धि के अपने प्रयासों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि संस्थानों को सिर्फ अपने परिसर तक ही सीमित न रहकर शिक्षा की उपयोगिता को समाज से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गाँवों और समाज के पिछड़े तबके के विकास सम्बन्धी कार्यों से जोड़कर उनमें मानवीय गुणों का विकास और सामाजिकता की समझ का विकास भी करना चाहिए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने ऐरा मेडिकल कॉलेज में हुए नवीन चिकित्सीय अनुसंधान को बड़े स्तर पर जनता तथा वृद्ध जनों के लिए उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने निजी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को भी प्रदेश में गांव के सम्पूर्ण विकास हेतु गोद लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में नैक एक्पर्ट प्रो0 एस0 श्रीकांत स्वामी, एरा विश्विद्यालय के ट्रस्टी प्रो0 अब्बास अली मेंहदी ने भी विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो0 जमालमसूद जी ने राज्यपाल जी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नैक एक्पर्ट वहीदुलहसन सहित अन्य विश्वविद्यालय के कुलपति तथा प्रोफेसर उपस्थित थे।

डा0 सीमा गुप्ता–सूचना अधिकारी/राजभवन /(273 /34)

सम्पर्क सूत्र– 8318116361

National Assessment
and Accreditation Council (NAAC)
Assessors Orientation Programme (AOP)